हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 18 जून 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 30.0 डिग्री


सुबह मवेशी पकड़ते नगर निगम के कर्मचारी।

## खबर संक्षेप

### विकास योजनाओं की प्रदर्शनी आज से

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा शहर एवं ग्रामीण द्वारा 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के थीम पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। देशभर में विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें जनसंपर्क अभियान जिला मुख्यालयों में प्रेस कॉन्फ्रेंस, कृषि कार्यशाला, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगा कर आमजनों तक पहुंचाने की योजना है। भाजपा द्वारा राघवेंद्र राव सभा भवन में 18, 19 एवं 20 जून को तीन दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 18 जून गुरुवार को शाम 5 बजे किया जाएगा।

### जिला पंचायत की बैठक 22 को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 22 जून को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में कृषि, शिक्षा, खाद्य, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

# डर से बच्चों ने स्कूल जाना किया बंद, आंगन में लग रहीं कक्षाएं

**शिफ्टिंग से पहले भवन हो गया जर्जर**

**करहीपारा स्कूल की छत और दीवारें कभी भी गिर सकती हैं, बिरकोना स्कूल में दो दिनों से बरामदे में कक्षाएं लगाईं जा रहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में अव्यवस्था के बीच शिक्षा का नया सत्र शुरू कर दिया गया है। कहीं छत टूटे हैं तो कही डेस्क बेंच टूटे पड़े हैं। पिछले दो दिनों से अधिकतर स्कूलों में व्यवस्था बनाने में ही दिन बीत रहा है। कुछ जगहों पर फर्श पूरी तरह से खराब हो चुका है। कई जगहों पर पानी की व्यवस्था नहीं होने से शौचालय बंद हैं। भवनों की हालत खराब होने के कारण छात्रों को बरामदे, सामुदायिक भवन और अतिरिक्त कक्षाओं में पढ़ने की मजबूरी है। बिरकोना प्राथमिक स्कूल में दो दिनों से बरामदे में कक्षाएं लगाईं जा रहीं हैं तो लालखदान स्कूल भवन जर्जर है। नया भवन बन गया है, लेकिन जाने का रास्ता नहीं है। यही नहीं करहीपार का शासकीय प्राथमिक शाला का मुख्य भवन और अतिरिक्त कक्ष पिछले 3 सालों से पूरी तरह से ढहने की कगार पर पहुंच चुके हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि स्कूल की छत और दीवारें कभी भी गिर सकती हैं, जिससे किसी बड़ी अप्रिय घटना के घटने की आशंका बनी हुई है।

विकासखंडवार जर्जर स्कूलों की बात करें तो सबसे अधिक बिल्हा ब्लाक में इनकी संख्या 100 है। यहां 88 स्कूलों की कक्षाएं अतिरिक्त कमरों में लगेंगी। बाकी सामुदायिक भवन और बरामदे में लगाई जाएंगी। इसके साथ ही कोटा में 94, तखतपुर में 65 और मस्तूरी ब्लाक में 40 स्कूलों की हालत खस्ताहाल हैं। इसकी रिपोर्ट भी संचालनालय को भेज दी गई है लेकिन कुछ नहीं हुआ और इन्हीं स्कूलों में 50 हजार से अधिक बच्चे खतरे के बीच पढ़ाई करने को मजबूर है।







### मध्यान्ह भोजन के बाद छुट्टी की मजबूरी

लालखदान प्राथमिक स्कूल की दर्ज संख्या 54 है। अभी तक पहली कक्षा में एक भी एडमिशन नहीं हो सका है। स्कूल की शिक्षिका मनोरमा देवांगन ने बताया कि करीब एक किमी दूर नया स्कूल भवन तो बनाया गया है लेकिन वहां जाने का कोई रास्ता ही नहीं। नए भवन में कुल 45 लाख में 9 कमरे बनाए गए हैं जो बिना क्लास लगे जर्जर हो रहे हैं। स्कूल में शौचालय, पानी और किचन किसी की व्यवस्था नहीं है। इसलिए पुराने भवन खस्ताहाल भवन में क्लास लगाने की मजबूरी है। बारिश के दिनो में तो एक क्लास भी नहीं लग पाती। बच्चों की मध्यान्ह भोजन के बाद छुट्टी कर दी जाती है।

### ठेकेदार ने स्कूल का काम कर दिया बंद



बिरकोना क्षेत्र का देवनगर प्राइमरी स्कूल भवन नहीं बन सका है इसलिए बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर है। दरअसल 25 लाख रुपए की लागत से बन रहे स्कूल भवन का निर्माण कार्य पिछले तीन महीने से बंद पड़ा है। ऐसे में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही बच्चों को करीब एक किलोमीटर दूर कोनी प्राइमरी स्कूल में शिफ्ट के नए भवन का निर्माण अधर में लटकने से 170 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। किया जा रहा है। जर्जर स्कूल भवन को खाली तो करा लिया गया, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से बच्चे खुले में पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि बच्चों को एक किलोमीटर दूर कोनी स्कूल में शिफ्ट किया जाएगा। खास बात है कि मिड-डे बिरकोना में ही बनेगा और उसे कोनी स्कूल तक पहुंचाया जाएगा। बिल्हा बीईओ भूपेंद्र कौशिक के मुताबिक ठेकेदार से बात की जा रही है।

### व्यवस्था के हिसाब से लग रहीं कक्षाएं

फिलहाल जो व्यवस्था है, उसी हिसाब से कक्षाएं लगाई जा रहीं है। जहां अधिक परेशानी है वहां बच्चों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट किया जा रहा है।

**- रामेश्वर जायसवाल**
जिला शिक्षा अधिकारी

### तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर और खंडहरनुमा स्थिति






ग्राम पंचायत करहीपार का शासकीय प्राथमिक शाला भवन पिछले तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर और खंडहरनुमा स्थिति में पहुंच चुका है। मासूम बच्चों के सिर पर जो छत है उसका प्लास्टर भी लगातार गिर रही है, जिससे हर वक्त बच्चो के सर पर मौत का साया मंडरा रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी जब शिक्षा विभाग मामले में सुध नहीं ले रहा है। कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत भी की गई है। उपसरपंच सगुना ध्रुव के साथ ही ग्रामीण गंगा मरावी, इंद्रप्रसाद और रामनाथ ध्रुव ने बताया कि कई अभिभावकों ने तो डर के मारे अपने बच्चों को स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य भवन के साथ-साथ जो अतिरिक्त कमरा बनाया गया था, देखरेख के अभाव में वह भी अब पूरी तरह से जर्जर होकर अनुपयोगी हो चुका है।

# फर्जी पावर ऑफ अटार्नी के आधार पर नजूल जमीन का सौदा, राबिंसन पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सिविल कोर्ट द्वारा सिविल लाइन थाना प्रभारी को दी गई अवमानना की चेतावनी के बाद दर्ज हुआ प्रकरण
- मंदिर चौक स्थित नजूल जमीन बिक्री का मामला, यूसीएमएस का अध्यक्ष ही नहीं था जयदीप राबिंसन

फर्जी पावर ऑफ अटार्नी के आधार पर मंदिर चौक स्थित नजूल जमीन का सौदा करने के मामले में सिविल लाइन थाना ने 'छत्तीसगढ़ डायोसिस सीएनआई' के कोषाध्यक्ष जयदीप रॉबिन्सन पर धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज किया है। यह कार्रवाई सिविल कोर्ट द्वारा सिविल लाइन थाना प्रभारी को दी गई अवमानना की चेतावनी के बाद हुई है।

यूनाइटेड क्रिश्चियन मिशनरी सोसायटी, बिलासपुर की जमीन का अवैध तरीके से सौदा करने का यह मामला वर्षों पुराना है। आरोप है कि जयदीप रॉबिन्सन ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए इस जमीन को मंगला निवासी संजय लूथर और तखतपुर निवासी अजय लूथन को बेचने का प्रयास किया। दर्ज एफआईआर के मुताबिक वर्ष 2017 में भूमि विक्रय के लिए शिकायतकर्ता के साथ एक इकरारनामा किया गया। इस सौदे के एवज में शिकायतकर्ता से 10 लाख नकद, 2.5 लाख चेक के माध्यम से और 60 हजार अतिरिक्त राशि ऐंठ ली गई। पैसे लेने के बावजूद न तो भूमि की रजिस्ट्री की गई और न ही शिकायतकर्ता को उसके पैसे वापस लौटाए गए।

### कोर्ट के आदेश के बाद भी पुलिस की टालमटोल

धोखाधड़ी का शिकार होने के बाद पीड़ित ने वर्ष 2021, 2022 और 2023 में लगातार पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन न्याय नहीं मिला। थकहारकर शिकायतकर्ता ने न्यायालय की शरण ली। धारा 156(3) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने अपराध सिद्ध पाए जाने की प्रारंभिक पुष्टि पर सात दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद सिविल लाइन थाने ने रिपोर्ट दर्ज करने में टालमटोल की। इस निष्क्रियता पर कड़ा रुख अपनाते हुए 16 जून 2026 सिविल कोर्ट ने सिविल लाइन थाना इंचार्ज को अवमानना नोटिस जारी किया। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि एक हफ्ते के भीतर रॉबिंसन पर कार्रवाई नहीं की गई, तो थाना प्रभारी के ऊपर न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी (धारा 420) का मामला दर्ज किया गया।

### मुख्तियारनामा में यह अधिकार ही नहीं कि जमीन बेचे

पूरा मामला शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित जमीन की धोखाधड़ी का है। मंदिर चौक स्थित नजूल जमीन प्लॉट 48/2 कुल क्षेत्रफल 10115 स्क्वायर फीट में से 1130 स्क्वायर फीट जमीन को जयदीप रॉबिंसन ने बेचने का सौदा 23 नवंबर 2017 को किया। जयदीप रॉबिंसन यह पैसे यूसीएमएस यूनाइटेड क्रिश्चियन मिशन से प्राप्त मुख्तियारनामा के आधार पर ली। कोर्ट ने पाया कि जयदीप रॉबिंसन यूसीएमएस का अध्यक्ष ही नहीं था और उसके पक्ष में निष्पादित मुख्तियारनामा उसे यह अधिकार नहीं देता था कि वह भूमि का बिक्रय करें। यह भी पाया गया कि पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी जमीन को लीज पर देने के लिए अधिकृत नहीं करती थी।

**कलेक्टर की बनाई हुई कमेटी करेगी बुनियादी सुविधाओं की जांच**

# बिलासपुर गुड्स शेड बंद, उसलापुर से होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर गुड्स शेड में मजदूर और व्यापारियों के लिए रेस्ट रूम, टॉयलेट, पीने का पानी उचित पहुंच योग्य सड़क, शेल्टर और शेड जैसी बुनियादी सुविधाएं है या नहीं इसकी जांच अब कलेक्टर के द्वारा बनाई हुई एक समिति करेगी। हाईकोर्ट के जस्टिस ए के प्रसाद की बेंच ने यह आदेश दिया है। समिति में जिला प्रशासन के अलावा रेलवे के अधिकारी भी होंगे। इस समिति को 13 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।




- हाईकोर्ट ने दिया आदेश, समिति में जिला प्रशासन के अलावा रेलवे के अधिकारी भी होंगे
- समिति को 13 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है, 15 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

15 जुलाई को इस मामले की आगे सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि रेलवे कामगार मजदूर यूनियन और बिलासपुर नया माल गोदाम ट्रक मालिक संघ के द्वारा बिलासपुर गुड्स शेड को अचानक 28 मई से बंद कर सारा काम उसलापुर गुड्स शेड से करने के रेलवे के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। गत 29 मई को भी समर वेकेशन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान रेलवे द्वारा यह कहा गया था कि 15 दिनों में उसलापुर में सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

### रेलवे और यूनियन ने रखी अपनी बात

बुधवार को हुई सुनवाई के पूर्व याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव और मानस बाजपेई ने एक शपथ पत्र दाखिल किया और बताया कि जो स्थिति 29 मई को थी उसलापुर गुड्स शेड में लगभग वही स्थिति आज भी है। कोई भी बुनियादी सुविधाएं वहां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इसके विपरीत रेलवे के अधिवक्ता के द्वारा दाखिल शपथ पत्र में यह दावा किया गया कि वहां रेस्ट रूम, टॉयलेट आदि सभी सुविधाएं दे दी गई हैं। याचिकाकर्ताओं द्वारा इसका विरोध किया गया और कहा गया कि रेलवे के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के अध्ययन से यह साफ होता है कि जिस टॉयलेट और रेस्ट रूम का रेलवे जिक्र कर रही है वह वहां दो कमरे का एक छोटा सा मकान है जो उसलापुर गुड्स शेड से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर है।

### सुविधाओं के बाद चालू करने में आपत्ति क्या है

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि इसके अलावा कोई भी सुविधा गुड्स शेड साइड पर नहीं दी गई है। यहां तक की अभी भी वहां लाइट नहीं लगी है और जो पहुंच मार्ग है वह बहुत ही संकरा और बड़ी गाड़ियों के लिए खतरे से भरा है। सुनवाई में हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा से पूछा कि आखिर सभी बुनियादी सुविधाएं पहले जुटा लेने के बाद शेड को चालू करने में आपत्ति क्या है। सुनवाई के दौरान कलेक्टर बिलासपुर के उस पत्र का भी जिक्र हुआ, जिसमें खाद की सप्लाई के लिए बिलासपुर गुड्स शेड को कम से कम सितंबर माह तक जारी रखना का अनुरोध किया गया है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के विरोधाभासी बातों और तथ्यों को देखकर हाईकोर्ट ने इस मामले में एक निष्पक्ष जांच करना आवश्यक समझा और कलेक्टर के द्वारा बनाई गई कमेटी से जांच के निर्देश जारी किए।



## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप जंयती आज निकलेगी बाइक रैली

तखतपुर। महाराणा प्रताप जंयती पर 18 जून को प्रातः 9 बजे बाईक रैली रैली निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे सम्मान एवं मंचीय कार्यक्रम तथा शाम 5 बजे शोभायात्रा आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव, अतिविशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष दारा सिंह रहेंगे। अध्यक्षता विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे। यह जानकारी अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर ने दी।

### तहसील परिसर में भूमिपूजन आज

तखतपुर। अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन 18 जून को दोपहर 1 बजे तहसील परिसर में किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर मक्कड़ होंगी। अध्यक्षता विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे। यह जानकारी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्येन्द्र जायसवाल ने दी।

### वृहद पंजीकरण शिविर आज से

मुंगेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी अभियानों को आमजन तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुंगेली जिले में 18 से 20 जून 2026 तक तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संचालित "विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के अंतर्गत यह विशेष पहल की जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर का आयोजन मुंगेली के मंगल भवन पुराना बस स्टैण्ड, पथरिया के मंगल भवन तथा लोरमी के कबीर भवन में किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक संचालित होगा, जहां नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में एसडीएम पथरिया रेखा चंद्रा, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएम ने की 20 लाख रुपए की घोषणा

# लोरमी में लगेगी महाराणा प्रताप की अष्टधातु प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी


जयंती कार्यक्रम में शामिल डिप्टी सीएम।

भारत की पुण्य भूमि ने अनेक वीर योद्धाओं और महापुरुषों को जन्म दिया है। वीर योद्धा महाराणा प्रताप ऐसे ही महान सपूत थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और राष्ट्र धर्म से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने मुगल सत्ता की दासता स्वीकार नहीं की और हल्दीघाटी के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय दिया। उनका जीवन आज भी समाज और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ये बातें बुधवार को लोरमी में सर्वोदय राजपूत राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित वीर महाराणा प्रताप जयंती समारोह में कही। उन्होंने महाराणा प्रताप जी के राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और साहस को नमन किया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप की अष्टधातु प्रतिमा निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र 'राष्ट्र प्रथम' हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। भारत त्याग और बलिदान की भूमि है, इसकी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।उन्होंने कहा कि धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए समाज को संगठित रहना होगा। राजपूत समाज शिक्षा, खेल, सरकारी सेवाओं और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। युवाओं को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। डिप्टी सीएम श्री साव ने कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक, डॉक्टर, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक, समाजसेवी, गौसेवक और 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तवीरों को भी सम्मानित किया गया।

### की स्वाभिमान की रक्षाः जूदेव

अखिल भारतीय घर वापसी अभियान के महानायक प्रबल प्रताप जूदेव ने कार्यक्रम में कहा कि महाराणा प्रताप ने जीवन भर अपने धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा की। उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने युवाओं से नकारात्मकता से दूर रहकर साहस एवं राष्ट्रभावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, परंपरा और सनातन मूल्यों को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को मजबूत बनाया जा सकता है।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में राजपूत समाज अध्यक्ष अध्यक्ष भीषम सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष राम निवास राजपूत, सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, सरस्वती राजपूत, धारणी राजपूत, कपिल राजपूत, रामवतार, तीतरा सिंह, संजय सिंह, राजपूत समाज संगठन मंत्री घनेंद्र राजपूत, कोमल गिरी गोस्वामी, गुरमीत सलूजा, उमाशंकर सिंह, धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, विक्रम सिंह, दिनेश कश्यप, रवि शर्मा, संतोष साहू, नप उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, राजेश साहू, नगर पालिका रतनपुर के अध्यक्ष लवकुश कश्यप एवं राजपूत समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## आबादी पट्टा वितरण से हितग्राहियों को मिला स्वामित्व का अधिकार

तखतपुर। ग्राम पड़रिया, पोड़ीकला एवं पूरा में मुख्यमंत्री आबादी पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को आबादी भूमि के पट्टों का वितरण कर उन्हें स्वामित्व का अधिकार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को कानूनी अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे वर्षों से आबादी भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को सुरक्षा एवं स्थायित्व प्राप्त होगा तथा वे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी आसानी से ले सकेंगे। भाजपा मंडल महामंत्री प्रमोद ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। आबादी पट्टा वितरण से ग्रामीणों का जीवन और अधिक सुरक्षित एवं सशक्त बनेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वंदना सिंह ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को उसका अधिकार मिले और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रहे। इस अवसर परमंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कश्यप, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, लव पांडेय, अजय पांडेय, महिला मोर्चा जिला महामंत्री वंदना सिंह, अनुराधा साहू, गरीबा यादव, सूरज रजक, गिरीश कश्यप, मयंक पांडेय, योगेश पांडेय, रितेश पांडेय, देवा कौशिक व कार्यक्रम में तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य उपस्थित रहे ।

## डीईओ का अशासकीय विद्यालय संघ के सदस्यों ने किया स्वागत



सीपत। जिले के नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जायसवाल का अशासकीय विद्यालय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत एवं सम्मान किया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष मोहन गुप्ता ने किया। उनके साथ अहमद मोमिन, दीपक शर्मा, अकील रिजवी, बी.के. दुबे, राजकुमार यादव, सोनल सोनी, अरुण सेन, तुलसी डहरिया, आशिक कुमार सहित संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से जिले में संचालित अशासकीय विद्यालयों से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा की। श्री जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगे तथा सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य किया जाएगा।

ग्रामीणों ने की फोरेंसिक जांच एफआईआर की मांग

## कोटमी कला साप्ताहिक बाजार की जमीन पर कब्जे का आरोप

पेंड्रा। जिले के सकोला तहसील अंतर्गत ग्राम कोटमी कला में वर्षों पुराने साप्ताहिक बाजार के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगा हैं।

ग्रामीणों ने बाजार की शासकीय एवं निजी भूमि पर कूटरचना कर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार राजस्व अभिलेखों में कथित हेरफेर कर बाजार की बहुमूल्य जमीन को निजी स्वामित्व में दर्ज कराने का प्रयास किया गया है। दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर और ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कोटमी कला का यह साप्ताहिक बाजार आजादी के पूर्व से संचालित हो रहा है और आसपास के 20 से अधिक गांवों के लोगों की आजीविका का प्रमुख केंद्र है।

ग्रामीणों के आवेदन में आरोप लगाया गया है कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने पटवारी और राजस्व निरीक्षक से सांठगांठ कर खसरा, नक्शा और मिसल अभिलेखों में हेरफेर की है। शिकायत के अनुसार बाजार की शासकीय भूमि को निजी भूमि दर्शाने के साथ-साथ आसपास के परिवारों द्वारा खरीदी गई जमीन को नक्शे से विलोपित कर दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो वे व्यापक जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने साप्ताहिक बाजार और शासकीय भूमि को बचाने के लिए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही कोटमी कला क्षेत्र सर्राफा व्यापारी की हत्या और लूट की घटना को लेकर सुर्खियों में रहा था। अब बाजार की जमीन से जुड़ा यह नया विवाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## वनांचल में स्वास्थ्य सेवाओं का अफसरों ने लिया जायजा



मुंगेली। जिले में संभावित मौसमी और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गिरीश कुर्रे ने अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) क्षेत्र के दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा बरसात पूर्व तैयारियों का व्यापक जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिवलखार, अचानकमार, छपरवा और लमनी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण किया। स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध दवाओं, वार्डों, प्रसव कक्षों तथा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का परीक्षण किया गया। साथ ही मितानिनों के घर पहुंचकर दवा पेटियों का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, समय पर अस्पताल संचालन, स्वास्थ्य कर्मियों की मुख्यालय में उपस्थिति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 18 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



जागरूकता

## एसईसीएल में 'कार्यस्थल पर योग' कार्यक्रम



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एसईसीएल मुख्यालय स्थित सीएमडी सभागार में "कार्यस्थल पर योग" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" निर्धारित की गई है, जिसके अनुरूप कार्यक्रम में कर्मियों को नियमित योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक बिरंची दास तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक प्रीत पाल सिंह गुम्बर द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर आसानी से किए जा सकने वाले योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि नियमित योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर कार्यक्षमता, एकाग्रता एवं सकारात्मकता को भी बढ़ाता है।

आयोजन

## नीरज वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मनोनीत



**बिलासपुर।** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया, डिस्ट्रिक्ट 323 G-3 के वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पद के लिए वी. नीरज अग्रवाल का निर्विरोध चयन जबलपुर में आयोजित तृतीय वी डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट आभार समारोह में संपन्न हुआ। यह चयन चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी. अनीता अग्रवाल, पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी. लता आर्या, वी किरण जैन, वीअंशु गोयल,वी रीता गुप्ता, निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता फरमानिया, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी मनीषा सोनी, वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी ज्योति प्रधान तथा इलेक्शन कमेटी एवं फाउंडर मेंबर्स की पूर्ण सहमति से हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न वी क्लबों के सदस्य उपस्थित रहे। वी क्लब बिलासपुर गोल्ड की ओर से अध्यक्ष वी प्रियंका जैन, वी निविता जालान, वी अलका अग्रवाल, वी जगदीश सलूजा एवं वी शशि बरेठ ने उपस्थित होकर शुभकामनाएं प्रदान कीं।

कार्यक्रम

## सिंधी युवक समिति ने समाज उत्थान का लिया संकल्प



**बिलासपुर।** सिंधी युवक समिति की एक बैठक अध्यक्ष मनीष लाहोरानी के कार्यालय में संपन्न हुई। इसमें समाज के सर्वांगीण विकास, युवा सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही समाज उत्थान का संकल्प लिया गया। शुभारंभ भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं आयो लाल झूलेलाल के जयघोष से हुआ। इसके बाद बताया गया कि सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार, विवाह समारोहों में बढ़ती फिजूलखर्ची, दहेज प्रथा एवं दिखावे की संस्कृति को समाप्त कर आदर्श सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने हेतु जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। सेवा से संस्कार तक को भव्य स्वरूप देकर नई पीढ़ी को अपनी भाषा, संस्कृति एवं सिंधियत से जोड़ा जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने ठोस कदम उठाए जाएंगे। मनीष लाहोरानी एवं अमित संतवानी ने कहा कि संघर्ष हमारा स्वभाव, सेवा हमारा संस्कार है, के तहत संकल्प लेकर सबको को साथ लेकर समाज का विकास करेंगे। इस मौके पर अशोक, अमर बजाज, मनोहर लाल खटवानी, कैलाश मलघानी, मुकेश मूलचंदानी, सुनील आहुजा, संजय मतलानी, राजेश गंगवानी, हीरानंद छुगानी, मनोज सरवानी, राजकुमार बजाज आदि मौजूद रहे।





# महाराणा जयंती की शोभायात्रा में शौर्य का प्रदर्शन

सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती समारोह अवसर पर बुधवार को सुबह महाराणा प्रताप चौक पर प्रतिमा का माल्यापर्ण कर शरबत वितरण किया गया। राजपूत समाज के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनके शौर्य, साहस व बलिदान को याद किया।

शाम 5:30 बजे गांधी चौक से आकर्षक स्कैटिंग रंगोली व श्री राम भगवान की प्रतिमा की अगुवाई ये यह शोभायात्रा प्रारंभ हुई, धुमाल व बैंड की धुन में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ कर्मा नृत्य, अखाड़ा व कई जीवंत झांकियों के साथ भव्य यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शौर्य प्रदर्शन करते लोगों ने समाजिक एकता का संदेश दिया। शोभायात्रा में महापुरुषों का त्याग, नारी का आत्मसम्मान, राजपूताना शौर्य को दर्शाती झांकियां शामिल रहीं। लोग सिर पर पगड़ी बांधे हाथों में भगवा ध्वज लिए महाराणा प्रताप की जय जयकार करते चल रहे थे। जगह-जगह फूलों की वर्षा, आतिशबाजी से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

देवकीनंदन चौक पहुंचकर भगवान हनुमान की 108 दीपों से महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की धूमधाम से मनाई गई। सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष प्रियंक सिंह परिहार के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-ताशे, डीजे, धुमाल की धुन पर लोगों ने नृत्य किया। तलवारों से करतब दिखाए।



यात्रा में आलोक सिंह ठाकुर, दीपेंद्र सिंह ठाकुर, आदित्य सिंह ठाकुर, कमल सिंह ठाकुर, अभिषेक सिंह राजा, पंकज सिंह, लवि सिंह, देवाशीष सिंह, अंनतजीत सिंह, अभय सिंह,समर सिंह सम्मिलित हुए।



### जगह-जगह स्वागत

'शाम को शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। विभिन्न समाज, क्लब, संस्था, जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। कोतवाली चौक पर सेन समाज द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा स्कूल गांधी चौक से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों जूना बाजार ,हटरी चौक, सिटी कोतवाली, गोलबाजार, सदर बाजार से होते हुए तिलकनगर श्री हनुमान मंदिर पर समापन हुआ।



### शौर्य और स्वाभिमान को नमन

भारत स्काउट गाइड जिला संघ के तत्वावधान में महाराणा प्रताप चौक स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। उपमुख्यमंत्री अरुण साव, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी,भारत स्काउट एंड गाइड जिला मुख्य आयुक्त राजेंद्र साहू एवं बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट रामेश्वर जायसवाल की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों को स्काउट गाइड स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों एवं स्काउट-गाइड के सदस्यों ने महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य और राष्ट्रभक्ति को नमन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला प्रशिक्षण आयुक्त संतोष त्रिपाठी, जिला संगठन आयुक्त डॉ पूनम सिंह, संतोष तंबोली, डॉ शीला शर्मा, लक्ष्मी बृजवासी,तृप्ति पांडेय, चेतना सिंह, रश्मि तिवारी, मधु सिंह राजे, किरण साहू, कुमारी कृति, शिव साहू, चंद्रशेखर पंकज सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर चल रहा कीर्तन



**बिलासपुर।** पंचम पातशाह गुरु अर्जन देव की शहीदी दिवस पर सुबह और शाम का विशेष दीवान चल रहा है, जिसमें जम्मू से आए भाई साहब जगतार सिंह कीर्तन कर संगत को निहाल कर रहे है।

गुरु अर्जन देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1563 में पंथ के चौथे गुरु गुरु रामदास और माता भानी के यहां हुआ था, वे सिख धर्म के पांचवे गुरु थे। इन्होंने हरमंदिर साहिब की नींव रखी और ग्रन्थ का संपादन किया। इन्होंने दसवंत निकालने और जरूरतमंद लोगों किं भलाई में लगने की प्रथा चालू की। गुरु अर्जन देव को सन 1606 में उस समय के मुगल शासक जहांगीर ने बड़ी ही अमानवीय यातनाएं दी लेकिन इतनी यातनाएं सहने के बाद भी गुरु महराज अपने सत्य के मार्ग चलते रहे। गुरु अर्जन देव सिख धर्म के पहले शाहिद थे। उन्हें लाहौर की भीषण गर्मी में गर्म तवे के ऊपर बैठा के उनके ऊपर गर्म रेत डाली गई तब भी गुरु अर्जन देव वाहेगुरु का सिमरन कर गुरु भक्ति में लीन थे। कुछ दिनों तक ये यातनाएं सहने के बाद गुरु महराज ने रावी नदी के ठंडे जल में समाधि ले ली। इसलिए इस दिन ठंडे जल (छबील) का लंगर सिख समाज लगता है।

## आम्रकुंज उत्सव में सखियों ने गाए भजन



**बिलासपुर।** अखण्ड युगल नाम संकीर्तन व श्री राधा सखी परिकर ने निम्बार्क भवन विद्यानगर में आम्रकुंज उत्सव मनाया। इसमें सखियों ने भजन सेवा की। इससे माहौल आध्यात्ममय बना रहा। उत्सव का ड्रेस कोड ग्रीन कलर रहा।

श्री राधा सखी परिकर की आशा अग्रवाल ने बताया कि पुरूषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हर साल अलग-अलग उत्सव किया जाता है। इस साल भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें सभी सखियों ने विशेष ड्रेस कोड में शामिल होकर वाद्य यंत्रों की धुन में राधा-कृष्ण पर आधारित एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं आशा रामअवतार अग्रवाल बिलासपुर को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग की दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सभी सखियों ने उन्हें बधाई दी। इस मौके पर कोकिला, अनुराधा, कविता, हरिप्रिया, अनिता, सरोज, श्वेता, रसीली, शिखा, पायल, सुदेवी शारदा, रेखा, किरण, मनमोहिनी, मधु, सरिता, प्रिया, ईशा, राधिका, मनीषा, सुनयना, कंचन, वृन्दा, अनिता, सत्या, सुनिता, राखी, पीताम्बरी, रानू, संगीता, सत्यभामा सखी हरित सखी की उपस्थिति रही।

## डीआरएम कप की विजेता बनी सीसीसी कोरबा




स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में आयोजित अंतर विभागीय फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता डीआरएम कप का खिताब सीसीसी कोरबा ने जीत लिया है। पिछली विजेता कंस्ट्रक्शन विभाग एवं उपविजेता सीसीसी कोरबा के प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर सीसीसी कोरबा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 76 रन बनाया। जवाब में कंस्ट्रक्शन इलेवन की पूरी टीम 10वें ओवर में 48 रनों पर सिमट गई। सीसीसी कोरबा की टीम ने फाइनल मुकाबला 28 रनो से जीतकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। सीसीसी कोरबा के कप्तान डेविड मंडावी ने 4 विकेट हासिल किया। वहीं तीसरे स्थान पर डीएसटीई इलेवन की टीम रही। समापन और पुरस्कार वितरण पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री निवासराव, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अंशुमान मिश्रा सहित एनईआई के सेक्रेटरी सी नवीन कुमार, उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, सहसचिव संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष बी अनिल कुमार, सहकोषाध्यक्ष श्रीकांत पाढी, टुर्नामेंट सचिव दीपक कुमार सुब्बा, टुर्नामेंट सहसचिव दीपक राजा गुरूंग, आउटडोर सेक्रेटरी टी सन्मुख राव, इंडोर सेक्रेटरी डी मुरलीधर, लाइब्रेरी सेक्रेटरी श्रीराम यादव सहित मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह परिहार और रेल कर्मचारी मौजूद थे।

## बीपीएल के पहले मुकाबले में जीता फाउंडेशन वॉरियर्स



बेसबॉल प्रीमियर लीग के उद्घाटन दिवस पर पहला मुकाबला फाउंडेशन वॉरियर्स और मां कामाख्या चैलेंजर्स के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में फाउंडेशन वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मां कामाख्या चैलेंजर्स को 3-1 के अंतर से पराजित कर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया, जीटीबी कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ.पलक जायसवाल मां कामाख्या चैलेंजर्स के ओनर डॉ.गोपाल कृष्ण पाठक, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष व छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की उपाध्यक्ष डॉ.कैरोलाइन सत्तूर मौजूद थे। आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर सभी टीमों के मालिक अपनी-अपनी टीमों के साथ उपस्थित रहे। प्रिंस भाटिया ने कहा कि जिले में क्रिकेट के बाद बेसबाल काफी प्रसिद्ध है। इसे खेलने वाले बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिलासपुर का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. पलक जायसवाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का भी निर्माण करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को समर्पण एवं सकारात्मक सोच के साथ खेलने का आह्वान किया। संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रदेश में बेसबॉल खेल के विकास को नई दिशा प्रदान करती हैं और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर देती हैं। कार्यक्रम में संघ की उपाध्यक्ष डॉ. कैरोलाइन सत्तुर, सहसचिव अख्तर खान, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक डॉ.सुरेश शुक्ला, साजिद खान, महेश शर्मा, अमित तिवारी, कृष्णा पटेल, आसिफ अली, स्वर्णिम शुक्ला, आशीष लहरे, रामकुमार टंडन, अजय त्रिपाठी, सुनील राव, बास्केटबॉल कोच रूपेन्द्र सिंह ठाकुर सहित अनेक खेलप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्मृति वन में मनाया गया कराते दिवस



कराते एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सभी जिलों में कराते संघ परिवार के पदाधिकारीओ की ओर से अपने-अपने प्रशिक्षण स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष सुशील चंद्र सर एवं महासचिव अविनाश शेट्टी के निर्देशानुसार कराते दिवस का आयोजन किया।

शहर में विश्व कराते दिवस का आयोजन स्मृति वन उद्यान राजकिशोर नगर में करते हुए बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। बिलासपुर कराते अकादमी के अध्यक्ष ठाकुर कर्ण सिंह एवं महिला प्रशिक्षिका एवं सचिव शिवानी बुधौलिया ने 50 बच्चों को कराते की बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रशिक्षण ठाकुर कर्ण सिंह, शिवानी बुधौलिया, प्रतीक सोनी, दिलदार सिंह टंडन, अनिल यादव, कल्याण सिंह, पूनमचंद कौशिक, प्रिया यादव, इशिका नेताम, इच्छा नेताम, आराध्या टंडन, आरव टंडन, सहज अरोरा, वैष्णवी कौशिक, माही सिंह, भारती कश्यप, कामाख्या सिंह, अंशिका यादव, अनुराग, राम्या पासवान, योगेश शिवदासानी, वर्षा श्रीवास, शिल्पी बुधौलिया एवं ओजस, सोमेशु उपस्थित थे।

शाला प्रवेश उत्सव

## बच्चों को दें अच्छी शिक्षा और अच्छा संस्कार



**धरमपुरा।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दशरंगपुर में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा 6वीं के नव प्रवेशी बच्चों का अतिथियों ने गुलाल का टीका लगाकर स्वागत किया। अतिथियों में अध्यक्ष मानसिंह मोहले, सरपंच लक्ष्मीचन्द्र मोहले, पूर्व सरपंच सीताराम यादव ने बच्चों को मिठाई खिलाकर निशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। सरपंच लक्ष्मीचंद मोहले ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि उन्हें अच्छी शिक्षा, अच्छा संस्कार मिले जिससे कि बच्चे सफल हो सकें। इस पर शिक्षकों तथा अभिभावकों को ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर एके सोनी प्राचार्य पीके बंजारे विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूल में पाठ्य पुस्तकों का वितरण




**लोरमी।** नगर के स्वामी आत्मानंद एमजेडी इंग्लिश स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य अरुण जायसवाल एवं अतिथियों ने बोर्ड परीक्षा 2026 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। प्राचार्य श्री जायसवाल ने छग़ पाठ्य पुस्तक निगम से प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। अतिथि पालक श्री साहू ने इस अवसर को छात्र छात्राओं के लिए लाभप्रद बताया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता, वैभव आनंद, अंकिता जॉन्सन, कंचन कर्माकर, ममता कौशिक, गरिमा पाठक, मोनिका कौशिक, माहेश्वरी पात्र, अंशिका त्रिपाठी चंद्रप्रकाश साहू, मिथिलेश्वरी साहू, निधि नायक, शेफाली सोनी, मुस्कान यादव, संगीता साहू, करण साहू, चंद्रप्रकाश श्रीवास, प्रणिता दास एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का कुशल संचालन कंचन कर्माकर ने किया।

## खुले स्कूलों के पट, बच्चों को गणवेश वितरित



**लोरमी।** नया शिक्षा सत्र 16 जून से शुरू हुआ। क्षेत्र सभी स्कूलों के पट से खुल गए। शिक्षकों एवं बच्चों ने शाला खुलने के बाद विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्या प्रारंभ की। शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में बच्चों को गणवेश वितरित किया गया। बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के तहत नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिया जा रहा है। डोंगरीया संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही, डोंगरिया, बाघनी भांवर, गोंड पारा डोंगरिया, बघर्रा, कंचनपुर, कोसाबाड़ी सहित सभी शालाओं में अध्ययन अध्यापन का कार्य शुरू हो गया है। संकुल प्राचार्य रमाशंकर यादव, समन्वयक राजेश कुंभकार द्वारा शालाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है।

## विद्यालय से होता है नैतिक मूल्यों का विकास

**पथरिया।** विकासखंड पथरिया अंतर्गत सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल,



जरेली (पेण्ड्री) में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुलने एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य गौरव सिंह राजपूत ने नवीन सत्र में अध्ययनरत 600 से अधिक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण एवं नैतिक मूल्यों के विकास की पाठशाला है।

### स्कूलों में मना शाला प्रवेश उत्सव, टीका, चंदन लगाकर किया बच्चों का स्वागत

# सुशिक्षित बच्चे ही बनेंगे कल के श्रेष्ठ नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में शाला प्रवेशोत्सव के तहत नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

अतिथियों ने प्राथमिक और मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। प्राचार्य ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य महादेव यादव ने कहा कि प्रवेशोत्सव का वास्तविक अर्थ इसे सबके सहयोग से मंगलमय बनाना है, क्योंकि आज के सुशिक्षित बच्चे ही कल के श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश को आगे बढ़ाएंगे। समारोह में निवर्तमान एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव, सदस्य रमेश बुनकर, ममता पाटले, पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, पालक मोहित



यादव सहित अनेक अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के व्याख्याता रश्मि पाण्डेय, जेबा तबस्सुम, राहुल वर्मा, पारूल ओझा, हरिशंकर गुप्ता, संध्या कुजूर, रंजीता केवट, शबनम बानो, डॉ. रूही फातिमा, पुष्पांजली कोशले, दीपांजली सोनी, सविता देवांगन, दिलेश्वरी, रीना मरावी, शिक्षक वीर सिंह, ललिता प्रसाद, साकेत शुक्ला व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, प्र.पा.मिडिल दीप्ति चतुर्वेदी, प्र.पा.प्राथमिक अमृता पात्रे, संध्या टंडन, दुर्गेश्वरी सिंह, यीतेश्वरी ठाकुर, डुलेश गबेल, राहुल यादव और नवीन कुमार, राकेश साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पंकज मिश्रा ने तथा आभार प्रदर्शन सांत्वना दत्ता द्वारा किया गया।

## अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश

**सीपत।** बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया में मंगलवार को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान और उत्साह से गुलजार नजर आया। कार्यक्रम में ग्राम की उपसरपंच बुधवारा देवी साहू, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. गरिमा पटेल तथा विद्यालय के संचालक अहमद मोमिन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उपसरपंच बुधवारा देवी साहू ने कहा कि विद्यालय ही बच्चों के



कार्यक्रम में बच्चों के साथ उपस्थित अतिथि।

उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. गरिमा पटेल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अच्छा स्वास्थ्य भी सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर प्राचार्य बलराम यादव, एन.के. मरावी, राजेश कुमार, श्रिया यादव, अलका, राजकुमारी गंधर्व, केपी वस्त्रकार, एस.एल. टेंगवर, प्रधानपाठिका शोभा केवट, ईशा, सरिता ठाकुर, सत्या केवट, शशि श्रीवास, तृप्ति, गणेशिया मरावी सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला है संविधान

**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल फास्टरपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने कहा कि संविधान हमें समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश देता है तथा एक सशक्त और विकसित समाज के निर्माण की आधारशिला है। जिपं सीईओ ने कहा कि सफलता का सबसे मजबूत आधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है। श्रीमती सोनवानी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र निर्माता होगा। कार्यक्रम के समापन में छात्र-छात्राओं को शासन की सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल एवं गणवेश का वितरण किया गया।

साइकिल मिलने से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने में सुविधा होगी, वहीं गणवेश वितरण से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी.डाहिरे, स्कूल के प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## शिक्षा ही जीवन में सफलता का सशक्त माध्यम

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नवप्रवेशी छात्राओं एवं उनके पालकों का आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय में प्रवेश लेने हेतु आए पालकों को प्रवेश आवेदन पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं एवं प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने उपस्थित पालकों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता और व्यक्तित्व निर्माण का सबसे सशक्त



प्रवेश उत्सव के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का किया गया सम्मान।

माध्यम है। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। 45 दिनों से छात्राएं विद्यालय से दूर रहीं। स्कूल के खुल जाने से सभी अपने सहेलियों से मिलकर खुश हो गए। इस दौरान परिसर में उत्साह, उमंग एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर बलिराम सूर्यवंशी, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, गिरधारी वैष्णव, आमोद एक्का, मीनाक्षी बनर्जी, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, पारुल यादव, माहेश्वरी सिन्हा, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, अंकित विश्वकर्मा, मयंक यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन




**पेंड्रा।** जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली दर वृद्धि के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई बिजली दरों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

पावर हाउस तिराहे स्थित बिजली विभाग कार्यालय के बाहर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु ने कहा कि प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। रसोई गैस, खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों का बजट बिगड़ चुका है। ऐसे समय में बिजली दरों में वृद्धि करना पूरी तरह जनविरोधी निर्णय है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंका ने कहा कि बिजली केवल घरेलू जरूरत नहीं बल्कि किसानों और छोटे व्यापारियों की आजीविका से भी जुड़ी हुई है। बिजली महंगी होने से सिंचाई की लागत बढ़ेगी, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग कार्यालय के बाहर धरना देते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान रमेश साहू, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, भरत राजपूत, अफसर खान, श्रीकांत मिश्रा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केशरवानी महिला समिति ने किया पुरुषोत्तम कथा का आयोजन



**मुंगेली।** राधाकृष्ण मंदिर में नगर केशरवानी महिला समिति द्वारा ग्यारह दिवसीय अखंड ज्योति कलश की स्थापना कर पुरुषोत्तम कथा का आयोजन किया गया। आचार्य अजय पाण्डेय ने इकतीस अध्याय का वर्णन करते हुए इस माह में जप और तप की पवित्रता का विशेष रूप से उल्लेख किया। मान्यता है कि इस धार्मिक आयोजन में सदस्यों ने रुद्राभिषेक, लक्ष्मीनारायण अभिषेक किया।

महिला समिति का मुख्य आकर्षण एकता व संगठन का परिचायक प्रतिदिन एक ही कलर थीम पर साड़ी एवं ज्वेलरी, चढ़ोत्तरी, आरती और अंतिम ग्यारहवें दिन हवन-पूजन, तैतीस ब्राह्मण भोज और भंडारा जैसे भव्य धार्मिक आयोजन रहे। जिसमें नगर वैश्य सभा के अध्यक्ष राजेश केशरवानी, सचिव विवेक केशरवानी, तरुण सभा अध्यक्ष अमित गुप्ता ने ब्राह्मण देवों की पूजाकर उन्हें उपहार स्वरूप वस्त्र आदि दानकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के प्रयास से नगर में कुलगुरु गोत्रचार्य महर्षि कश्यप मुनि चौक एवं डॉ. भानुप्रताप गुप्ता चौक का नाम दिलवाने का विशेष योगदान रहा। जिसके लिए दीनानाथ का स्वागत संरक्षक नगर वैश्य सभा संरक्षक संजीव गुप्ता एवं महिला समिति द्वारा पुष्प गुच्छ से किया गया। ज्ञात हो कि समिति द्वारा समय समय पर सवाल लाख शिवलिग पूजा, मूर्ति स्थापना जैसे भव्य आयोजनों किया जाता है। राधाकृष्ण के जयकारे के साथ पूरी, खीर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## आटो चालक ने युवक को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** आटो चालक ने लापरवाही पूर्वक आटो चलाते हुए पदयात्री को टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार आजाद नगर निवासी धीरेंद्र रात्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 जून को दोपहर डेढ़ बजे आटो क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 1722 के चालक ने लापरवाही पूर्वक आटो चलाते हुए उसके पुत्र को ठोकर मार दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)
Email Id-cghb.zonebsp@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे आवास योजनान्तर्गत, मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी. डूप्लेक्स-190, आबंटी श्रीमती कल्याणी मिश्रा पति स्व. श्री छोटे लाल मिश्रा, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 21.05.2014 को पंजीकृत किया गरया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 05.09.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती निशा यादव पति श्री नंद कुमार यादव, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी श्री असलम खान)**
**समंस**

प्रो.क्र = 85/26
श्रीमती गायत्री माझी + 1 अन्य
**बनाम**
कार्मिक विभाग मण्डल + 1
उत्तराधिकार प्र. क्र.34/2026
पेशी ता.13-07-2026

प्रति,
आम जनता,

आवेदिका गायत्री माझी की ओर से आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का प्रस्तुत कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने पति धनपत सेवानिवृत्त पी.पी.ओ. नंबर 20237340200391 में पेंशन राशि प्राप्त होती थी। आवेदिका के पति धनपत की मृत्यु दिनांक 15.09. 2025 को हो जाने से पी.पी.ओ. में नॉमिनी के रूप में नाम दर्ज नही होने के कारण अनावेदक क्र. 01 के द्वारा आवेदिका से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है, इसलिए आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, गैर शासकीय निकायों को आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सारवान प्रश्नों का उत्तर दें, इस हेतु न्यायालय में दिनांक 13.07.2026 को दिन में 11:00 बजे उपस्थित होकर दस्तावेज व अपना पक्ष रखे।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपर बतायी गयी दिनांक 13.07. 2026 को उपसंजात नही होते है तो वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यदि उक्त तिथि को अवकाश रहता है तो वाद की सुनवाई दूसरे कार्यदिवस में किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 18/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान - बिलासपुर छ.ग.
दिनांक - 18/05/2026

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गनियारी जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

**- :: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र........... ब121/25-26
ग्राम घुटकू प.ह.नं. 59

एतत द्वारा सर्व साधारण आम जनता घुटकू प.ह.नं. 59 रा.नि.मं. गनियारी सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका सुषमा वस्त्रकार पिता स्व. कन्हैया लाल वस्त्रकार निवासी नयापारा घुटकू तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अपने दादा स्व. रामदयाल वस्त्रकार के मृत्यु दिनांक 01.04.2003 को होने का कथन करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने शपथ पत्र, अनुउपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 30.6.2026 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेंश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 16.6.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
गनियारी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
क्रमांक /क/अति.तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 17/06/2026

**// ईश्तहार //**

एतदद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सरकण्डा, प.ह.न.-32 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका किरण लता दीक्षित पिता स्व. बलराम सिंह दीक्षित निवासी ग्राम सरकण्डा, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं श्रीमती किरण लता दीक्षित का जन्म दिनांक 09/08/1969 को सरकण्डा में होने का उल्लेख करते हुए जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 01/07/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनांक .06.2026

आवेदक श्री हिमांशु यादव आत्मज प्रेमचंद राम उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम किशूनपुरा वार्ड नं. 7 सिरपालपुर थाना कोईलवर बबूरा जिला भोजपुर बिहार एवं आवेदिका अनीता यादव आत्मजा श्री मेलाउराम यादव उम्र 28 वर्ष निवासी जलाराम गली विनोबा नगर थाना तारबहार तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 13.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


हिमांशु यादव


अनीता यादव

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकारगण संजय कुमार तंबोली पिता स्व. श्री रामबहादुर तंबोली एवं रंजीत थवाईत पिता स्व. ज्वाला प्रसाद थवाईत की ओर से अधिकृत होकर प्राप्त निर्देशानुसार आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि भूमि स्वामी मनोज कुमार सिंह पिता स्व. श्री मनहरण सिंह के हक स्वामित्व कि भूमि मौजा लगरा प.ह.नं. 27 तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 239 रकबा 0.36 एकड़ भूमि है। का मेरी पक्षकारगण से बिक्री किये जाने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्राप्त कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है।

जिस भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सहित 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समय सीमा के पश्चात मेरे पक्षकारगण अपने पक्ष में रजिस्ट्रीपत्र निष्पादित करा लेगे। समय सीमा पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने
दिनांक 17.06.2026

भवदीय
रूपेश सदाफले अधिवक्ता
मकान नंबर-बी-46, चौबे कालोनी सरकण्डा बंधवापारा जिला बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9981313186

**कार्यालय पटवारी ह.न. 21 रा.नि.मं. कोनी तह. बिलासपुर, जिला बिलासपुर**
**सूचना पत्र**

क्रमांक क/पट./2025 दिनांक 11/06/26
प्रति,

श्री एहसानुल हक पि. इकरामूल हक- एहसानुलहक, घनश्याम दास, माधव, राजाराम, अरूणा सिंह

**विषय: मौका जांच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।**

आप लोगो को सूचित किया जाता है कि आवेदक एहसानुल हक पिता/पति इकरामूल हक जाति मूसलमान निवासी बिलासपुर की मौजा मोहतराई प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. कोनी/ तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 126/2, 127, 132/2 रकबा 0.1490 हे., 0.1540 हे., 0.1620 हे. हेक्टेयर का मौका जांच/ सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर से ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का मौका जांच/सीमांक दिनांक 19.06.26 को 10 बजे से 05 बजे के अंदर किया जावेगा।

अतः आप अपना दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

**टीप:** आवेदक सरहदी कृषक को सूचित करें एवं इस सूचना पत्र में हस्ताक्षर करावें।

**तेजस्वी कुमार साहू**
**पटवारी ह.नं. 21**
**तहसील बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**उद्घोषणा प्रारूप 'ख' (नियम 2 देखिए)**
**ईश्तहार**

ग्राम जूनाबिलासपुर
प.ह.नं. 36

क्योंकि मौजा जूनाबिलासपुर प.ह.नं 36 तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के सह-भू-धारी आवेदक श्री नरेन्द्र कुमार थवाईत पिता श्री दौलत राम थवाईत निवासी ओधव पार्क-1 मुन्द्रा रेलोकेशन साईटभुज सिटीकच्छ गुजरात हाल मुकाम विद्यानगर मकान न0 159 सी एम डी चौक के पास मेन रोड बिलासपुर तहसील व जिला- बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने निम्न अनुसूची से विनिर्दिष्टि खाते में अपने भाग में बंटवारे के हेतु आवेदन किया है, तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 24/06/2026 स्थान तहसील कार्यालय बिलासपुर पर 11.00 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर मे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| खाते का विवरण | | |
|---|---|---|
| क. | खसरा क्रमांक | रकबा |
| 1 | 663/5 | कुल योग 6596 वर्गफीट |
| 2 | 663/19 | |
| 3 | 663/21 | |
| 4 | 663/18 | |
| 5 | 663/6 | |

दिनांक - 08/06/2026
**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा, श्रीमती वर्षा क्षत्री पति लुभान प्रताप निवासी गंगा नगर फेस-2 मंगला तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व व अधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नंबर 124/2 कुल रकबा 0.2070 हेक्टेयर प.ह.नं. 35 रा.नि.म. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर है, मे से 25X55 (1375) वर्गफूट भूमि, जिसकी चौहद्दी इस प्रकार से है, पूर्व में 25 फीट का निस्तारी रास्ता, उत्तर, दक्षिण व पश्चिम, तीनों दिशाओं में, विक्रेता की बचत भूमि स्थित है, को क्रय करने का अनुबंध किया गया है, जिसकी अतिशीघ्र रजिस्ट्री करवायी जाएगी। जिस किसी को भी इस अनुबंध से कोई आपत्ति/ दावा हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन से 05 दिवस के अंदर मुझसे संपर्क कर, अपनी आपत्ति/ दावा मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है उसके पश्चात की गयी कोई भी आपत्ति / दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक : 17/06/2026

**किसलय श्रीवास्तव**
**(अधिवक्ता)**
**पता - वार्ड नं. 26 तालापारा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9302382932**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### आज सजेगी ग़ज़ल, सूफ़ियाना सुरों और संवेदनाओं की महफ़िल



**बिलासपुर।** शहर के संगीत प्रेमियों के लिए आज का दिन विशेष होने जा रहा है। श्लोक-ध्वनि फाउंडेशन द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित लाइव संगीत संध्या सुकून एन इवनिंग आफ मेलोडी पीस एण्ड इमोशनस 18 जून गुरुवार को लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। कार्यक्रम में प्रवेश पास के माध्यम से रहेगा तथा दर्शकों के लिए प्रवेश द्वार शाम 6:30 बजे से खोल दिए जाएंगे। इस विशेष संध्या में सुप्रसिद्ध ग़ज़ल एवं सुगम संगीत गायक राजेश सिंह अपनी आवाज़ से श्रोताओं को संगीत की एक यादगार यात्रा पर ले जाएंगे। राजेश सिंह ने पिछले दो दशकों में ग़ज़ल, सूफ़ी और साहित्यिक संगीत के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके संगीत निर्देशन में तैयार कई प्रस्तुतियाँ डिजिटल मंचों पर करोड़ों लोगों द्वारा सुनी और सराही जा चुकी हैं। कार्यक्रम में राजेश सिंह के साथ महेंद्र चौहान (तबला) , कन्हैया ठाकुर (गिटार) ,सत्यम जायसवानी (कीबोर्ड) , आकाश मेहर (ड्रम्स एवं पर्कशन) साथ देंगे। श्लोक-ध्वनि फाउंडेशन के संस्थापक कुमार एवं सुमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के संगीत प्रेमियों में विशेष उत्साह है।

### समग्र ब्राम्हण समाज ने तिलक लगाकर स्वागत किया



बिलासपुर। समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना के तत्वाधान में सभी ब्राम्हण समाज जिसमें कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज,सरयूपारीण ब्राम्हण समाज छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण विकास परिषद,मारवाड़ी ब्राम्हण, समाज,महाराष्ट्रियन ब्राम्हण समाज और तेलगू समाज द्वारा जन्मोत्सव पर तिलक लगाकर माला पहनाकर सभी ठाकुर समाज का कुल्फी खिलाकर भव्य स्वागत किया। समग्र ब्राम्हण समाज संग परशु सेना से डॉ प्रदीप शुक्ला,अरविंद दीक्षित चंद्रप्रकाश वाजपेयी,,विवेक वाजपेयी,महेश दुबे,राजेंद्र शुक्ला,विनय शर्मा,राजकुमार तिवारी, जितेंद्र चौबे, गोपाल दुबे, आशीष शुक्ला ,रितेश उपाध्याय, आदर्श दुबे, आशुतोष तिवारी,मनीष शर्मा,आशु पाण्डेय,आनंद पाण्डेय, जय शंकर पाण्डेय, राजेंद्र चतुर्वेदी, रेखा ओमप्रकाश पाण्डेय,राजश्री मिश्रा,अभिषेक शर्मा,अरूणिमा मिश्रा,अंकिता पाण्डेय,कपिल शुक्ला,राकेश तिवारी, जयेश तिवारी,आशु तिवारी,नितेश शर्मा,प्रतीक तिवारी सहित विप्र जन शामिल हुए।

### महाराणा प्रताप जयंती शोभायात्रा में सेन समाज ने की पुष्प वर्षा




**बिलासपुर।** धर्म जागृति मंच, छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित शोभा यात्रा का त्रिलोक श्रीवास एवं सर्वसेन समाज छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में सिटी कोतवाली चौक के पास आतिशबाजी पुष्प वर्षा, लीची शरबत वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के साथ प्रमुख रूप से महेश दुबे टाटा, रविंद्र सिंह ठाकुर, मनोज श्रीवास, पंकज सिंह, किशोर घोरे प्रशांत पांडे गोरेलाल श्रीवास चंद्रमणि श्रीवास नवीन दुबे मनीष भट्ट पंडित जितेंद्र शर्मा जीतू आयुष सिंह राज चरण सिंह राज उपेंद्र यादव शुभम श्रीवास उपेंद्र यादव शुभम श्रीवास मयंक वर्मा दीपक कश्यप सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### ढंढोर यादव समाज सरकंडा क्षेत्र के पदाधिकारी नियुक्त किए गए



**बिलासपुर।** आज शिव शक्ति मंदिर बंधवा पारा सरकण्डा में ढ़ढोर यादव समाज के 12वें चरण की बैठक सरकंडा परिक्षेत्र बंधवापारा में हुई। बैठक भरत यादव एवं सुमंत यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समाज के सभी क्षेत्रों प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में समाज को संगठित कर एकसूत्र में बंधने के लिए सरकंडा परिक्षेत्र में पदाधिकारी पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इसमें अध्यक्ष देवी प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष गोपाल गोलू यादव, उमेश यादव, सचिव भरत लाल यादव, प्रदीप कुमार यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश यादव, महेश यादव, मीडिया प्रभारी सोनू यादव एवं अनिल यादव, संरक्षक एवं वरिष्ठ लक्ष्मण यादव, पहारू यादव, रामनारायण यादव, लक्ष्मीनारायण यादव को नियुक्त किया गया है। ग्रामीणों में शिक्षा के विस्तार करने जागरूकता लाने का संकल्प लिया गया। संभावित माह अक्टूबर माह में जिला पदाधिकारियों नियुक्त करने की विचार विमर्श किया गया। आने वाले सप्ताह में ग्राम पौसरा में समाज के प्रमुख वरिष्ठ लोगों की बैठक रख विचार विमर्श कुरीतियों को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। आभार व्यक्त नव नियुक्त अध्यक्ष देवी प्रसाद यादव ने किया।

### अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में डॉ विराट ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

**बिलासपुर।** जिनेवा में आयोजित 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड युनियन्स के महासचिव एवं एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल के उपकुलसचिव डॉ विराट जयसवाल ने भारतीय श्रमिक प्रतिनिधित्व मंडल की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व किया। स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की विशेषीकृत संस्था अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में 187 सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में डॉ विराट जायसवाल ने मानव केन्द्रित कृत्रिम बुद्धिमता की अवधारणा को प्रमुखता से रखा।उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास का उद्देश्य श्रमिकों का स्थान लेना नहीं बल्कि उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना और सुरक्षित रोजगार के नए अवसर सृजित करना।उन्होंने जिनेवा में भारत के नए श्रम संहिताओं पर वैश्विक संवाद कार्यक्रम में भी सहभागिता की। डॉ जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भविष्य की अर्थव्यवस्था में कृत्रिम बुद्धिमता तभी सफल होगी।

**समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश** | पीडब्ल्यूडी सचिव मुकेश बंसल ने किया निरीक्षण

# अमरकंटक रोड के निर्माण में गुणवत्ता की कमी, ठेकेदार को फटकार, भुगतान पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर से कबीर चबूतरा तक 510 करोड़ रूपए की लागत से 97 किलोमीटर लंबाई में बनाई जा रही सड़क का पीडब्ल्यूडी सचिव मुकेश बंसल ने निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ स्थानों पर गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर उन्होने न केवल संबंधित ठेकेदार को तत्काल सुधार के निर्देश दिए, बल्कि आवश्यक सुधार नहीं होने तक भुगतान रोककर रखने को भी कहा।

लोक निर्माण सचिव मुकेश बंसल ने राष्ट्रीय राजमार्ग डिवीजन द्वारा रतनपुर से कबीर चौरा तक बनाई जा रही सड़क का अवलोकन किया। 510 करोड़ रुपये की लागत से 97 किलोमीटर लंबी इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण फिलहाल प्रगति पर है। परियोजना पूर्ण होने पर बिलासपुर, रतनपुर, कोटा, पेंड्रा और गौरेला क्षेत्र के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा तथा यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर निर्माण के दौरान गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सचिव ने संबंधित ठेकेदार को आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण होने तक संबंधित भुगतान रोककर रखा जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ स्थानों पर भूमि अर्जन संबंधी प्रकरणों के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। इस पर सचिव ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि परियोजना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके।



### रतनपुर बाईपास का भी किया निरीक्षण

लोक निर्माण सचिव ने इस प्रकल्प के तहत बन रही लगभग 7 किलोमीटर लंबी रतनपुर बाईपास सड़क का भी निरीक्षण किया। यह बाईपास रतनपुर नगर में भारी वाहनों के दबाव को कम करने, यातायात को सुचारू बनाने तथा दुर्घटनाओं की संभावना को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बाईपास के निर्माण से लंबी दूरी के वाहनों को नगर क्षेत्र में प्रवेश किए बिना आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे यात्रा समय और ईंधन की बचत भी होगी।

खेल प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# बहतराई खेल प्रशिक्षण केन्द्र में निर्माण मरम्मत कार्यों में देरी, भड़के डिप्टी सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर में स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई का औचक निरीक्षण कर निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की धीमी प्रगति पर अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के प्रति कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यों को जल्दी पूरा करने, सुविधाएं बढ़ाने तथा प्रशिक्षण केंद्र की अधोसरंचना को मजबूत करने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निरीक्षण के दौरान मैपलवुड फ्लोरिंग, तीरंदाजी मैदान, हॉकी गैलरी एवं फ्लड लाइट, कबड्डी इण्डोर व आउटडोर मैदान, एच.व्ही.ए.सी. कार्य तथा आउटडोर स्टेडियम के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से हॉस्टल के रखरखाव की जानकारी लेते हुए नाराजगी व्यक्त की कि जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से राशि उपलब्ध होने के बावजूद आवश्यक मेंटेनेंस कार्य समय पर नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों की उपलब्धता के बाद भी काम में देरी स्वीकार्य नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने कार्यों की धीमी गति पर नाखुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों से कहा कि बिलासपुर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा मुख्यालय है। यहां खिलाड़ियों की सुविधा बढ़ाने किए जा रहे कार्यों की गति बहुत धीमी है।

## जैविक खेती से गांव समृद्ध और किसान बनेंगे आत्मनिर्भर : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कृषि विभाग की एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में आयोजित जैविक कृषि कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से गांव समृद्ध होंगे और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। उप मुख्यमंत्री ने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आहवान भी किया। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, सभापति अंबालिका साहू, जागेंद्र कश्यप, रतनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष लवकुश कश्यप, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, डॉ.आरकेएस तोमर, राजेश सिंह, राकेश तिवारी, धीरेंद्र दुबे, दिनेश कौशिक आदि मौजूद थे। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति गांव, किसान और जनभागीदारी में निहित है। किसानों का परिश्रम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. गीत शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती उत्पादन लागत कम करने, मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।






## सेंट जेवियर्स स्कूल में नई शिक्षा नीति 2020 पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

एजुकेशन प्लस

बिलासपुर। सेंट जेवियर्स हाईस्कूल, व्यापार विहार द्वारा 15 जून को विद्यालय के सभागार में सेंट जेवियर्स श्रृंखला के विद्यालयों के शिक्षकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षताओं को विकसित करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नवीन शैक्षिक सुधारों एवं नवाचारी शिक्षण-पद्धतियों से उन्हें परिचित कराना था।

इस अवसर पर सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, व्यापार विहार के प्राचार्य जे. एस. हुंडाल, उप-प्राचार्या रंजना बहादुर, प्रधानाध्यापिका ए. ललिता, प्रबंधन समिति सदस्य डॉ. मधु पात्रो, स्टे. जेवियर्स हाई स्कूल, भरनी के प्राचार्य डॉ. बी. बी. महता, उप-प्राचार्य दिनेश बिष्ट, प्रधानाध्यापिका नैन्सी पारख तथा सरकंडा की प्रधानाध्यापिका शाइस्ता बेगम की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्राचार्य श्री हुंडाल ने विशिष्ट संसाधन विशेषज्ञ श्री जॉन नोघेरा लंदन के साथ वैभव मिश्रा एवं विजय ठाकरे का पौधारोपण भेंट कर स्वागत किया। श्री हुंडाल ने सतत व्यावसायिक विकास के महत्व पर बल देते हुए संसाधन विशेषज्ञों द्वारा आयोजित तीनों ज्ञानवर्धक सत्रों के लिए आभार व्यक्त। व्यापार विहार, भरनी, मुंगेली, सिरगिट्टी, सरकंडा एवं अकलतरा सहित सेंट. जेवियर्स श्रृंखला के सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान जॉन नोघेरा ने स्पोकन इंग्लिश, कला एकीकरण , व्यावसायिक प्रबंधन, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2025, दक्षतामूलक शिक्षा तथा नई शिक्षा नीति 2020 के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ दीं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये गतिविधियाँ दक्षतामूलक शिक्षा के वातावरण में विद्यार्थियों की सहभागिता, मूल्यांकन एवं अधिगम परिणामों को बेहतर बना सकती हैं। कार्यक्रम का समापन उप-प्राचार्या रंजना बहादुर द्वारा दिलाई गई शपथ के साथ हुआ।

## शोहदाय-ए-कर्बला की याद में उसकी देन कमेटी की तकरीर

**बिलासपुर।** शोहदाय-ए-कर्बला की याद में उसकी देन कमेटी के तत्वावधान में विगत 46 वर्षों से आयोजित होने वाला मोहर्रम विशेष धार्मिक कार्यक्रम इस वर्ष भी श्रद्धा एवं अकीदत के साथ प्रारंभ हो गया है। सत्यम चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोहर्रम की पहली तारीख से सातवीं तारीख तक प्रतिदिन तकरीर एवं मजलिस का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिल्ली के मेहमाने-खुसूसी प्रो मौलाना मुख्तार अशरफ ने कहा कि मोहर्रम का महीना त्याग, सब्र, इंसाफ और हक की राह में कुर्बानी का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) ने जुल्म और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर इंसानियत को सच्चाई और न्याय का रास्ता दिखाया। कर्बला का वाकया केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि हर दौर के लोगों के लिए सब्र, हिम्मत और इंसानियत का संदेश है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अल्लाह की रजा पर राजी रहते हुए हक का साथ नहीं छोड़ा। हदीस के मुताबिक रमजान के बाद मोहर्रम के रोजे सबसे अफजल माने गए हैं। इस मुबारक महीने के शुरुआती दिनों में अधिक से अधिक इबादत, तिलावत और नेक अमल करने चाहिए। मौलाना मुख्तार अशरफ ने आह्वान किया कि वे नेकी, इंसाफ और भाईचारे के रास्ते पर चलने का संकल्प लें तथा कर्बला के पैगाम को अपने जीवन में उतारें। उसकी देन कमेटी द्वारा महिलाओं के लिए रमजानी बाबा हॉल में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज़ नातिया कलाम एवं इस्तकबाली कार्यक्रम से हुआ। यहां महाराष्ट्र की आलिमा फाजिला महशर ने महिलाओं को नमाज की पाबंदी, बेहतर अखलाक और इस्लामी शिक्षाओं पर अमल करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि कर्बला का पैगाम इंसानियत, त्याग, सब्र और दीन की हिफाजत का संदेश देता है। उन्होंने महिलाओं से अपने घरों में दीन की तालीम को बढ़ावा देने, बच्चों की बेहतर परवरिश करने तथा समाज में अमन, मोहब्बत और भाईचारे का वातावरण बनाने की अपील की। अंत में मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और इंसानियत की भलाई के लिए विशेष दुआ की गई। कमेटी के संयोजक शेख नाजिरुद्दीन ने बताया कि मोहर्रम पर सात दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए कलादलों से आवेदन

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए कलादलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए पात्र एवं पंजीकृत कलादल/कला मंडलियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऐसे कलादल एवं कला मंडलियां, जो गीत एवं नाट्य विभाग भारत सरकार, जनसंपर्क विभाग, छत्तीसगढ़ संवाद, सूचना प्रसारण अथवा संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन में पंजीकृत हों, चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कलादल प्रशिक्षण कार्यक्रम, लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त कलादलों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित 18 जून को सायं 5 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, नूतन चौक, सरकंडा, बिलासपुर में जमा कर सकते हैं।

## कांग्रेसियों ने घेरा तिफरा विद्युत मंडल कार्यालय

**बिलासपुर।** बिजली बिल बढ़ोतरी के विरोध में बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने अपने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ तिफरा विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जमकर हल्ला बोला। प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बिजली बिल बढ़ोतरी का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने बढ़ते बिजली बिल के विरोध में तिफरा विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया। यहां जमकर नारेबाजी करते हुए इसे वापस लेने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण एवं शहर के तहत संयुक्त तत्वाधान में बिजली बिल बढ़ोतरी पर आयोजित विद्युत मंडल कार्यालय तिफ़रा, के घिराव कार्यक्रम में अपने दर्जनों सहयोगियों सहित सम्मिलित हुए एवं राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि बिजली के नाम पर जनता की जेब काटना और फिर उसी जनता को अंधेरे में धकेलना सरकार की विफल व्यवस्था का सबसे बड़ा प्रमाण है। बढ़े हुए



बिजली बिल और अघोषित कटौती के खिलाफ यह सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि जनता के अधिकार और सम्मान की निर्णायक लड़ाई है। अब जनता की आवाज दबेगी नहीं, सरकार को जवाब देना होगा।" उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति या पार्टी का नहीं, बल्कि हर उस परिवार की लड़ाई है जो महंगे बिल और बिजली संकट का दर्द झेल रहा हैं। जनता के हक और सम्मान की इस लड़ाई में कांग्रेस सड़क से लेकर हर मोर्चे तक संघर्ष करती रहेगी।" इस दौरान विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, आशीष सिंह,राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, पूर्व सभापति शेख नजरूद्दीन, त्रिलोक श्रीवास, मोहन जायसवाल, मनोज श्रीवास, आयुष सिंह राज, जितेन शर्मा जीतू, चरण सिंह राज, कौशल श्रीवास्तव, धनंजय कश्यप, हृदयेश कश्यप, सोनू राम साहू, शुभम श्रीवास, कौशल साहू, उत्तम सिंह ठाकुर, पवन सिंह ठाकुर, शत्रुघ्न सिंह ठाकुर, रवी बघेल, चंद्र प्रकाश केशरवाणी, दादू राम लास्कर, आनंद श्रीवास, अजय श्रीवास, प्रहलाद साहू, दशरथ सूर्या आदि ने मौजूद थे।

**समर्थ भारत कॉन्क्लेव में एआई, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन पर मंथन**

# एआई समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन रहा: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय एवं आईसेक्ट इंडिया ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर में आयोजित दो दिवसीय समर्थ भारत कॉन्क्लेव के दूसरे दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कौशल विकास और वित्तीय समावेशन जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि एआई समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन रहा है। इसका उपयोग मानव कल्याण और देश के विकास के लिए होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से तकनीकी नवाचारों से जुड़ने का आह्वान किया तथा एआई कौशल रथ का अवलोकन किया।




### कुलपति ने दी एआई आधारित शिक्षा और नवाचारों की जानकारी

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने एआई आधारित शिक्षा और नवाचारों की जानकारी दी। प्रांत संघचालक डॉ. तोप लाल वर्मा ने तकनीक और संस्कारों के समन्वय को विकसित भारत की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में एसबीआई के डीजीएम ललित कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जीएम राकेश भूतड़ा तथा पद्मश्री अजय कुमार मंडावी ने भी अपने विचार रखे। अंत में कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

### तकनीक का उपयोग समाज को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए : सुशांत

इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि तकनीक का उपयोग समाज को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए। आईसेक्ट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। आईसेक्ट के वित्तीय समावेशन निदेशक अनुराग गुप्ता ने बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल भुगतान को आमजन तक पहुंचाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## सीयू परिसर में योग महाकुंभ का आगाज 11 दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जीजीवी योग महाकुंभ का भव्य आगाज हो चुका है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के संरक्षण व नेतृत्व में आयोजित इस महाकुंभ के तहत विश्वविद्यालय के योग एंव ध्यान हॉल में 11 दिवसीय विशेष योग कार्यशाला शुरू की गई है। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो रत्नेश सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि इस महाकुंभ के तहत विश्वविद्यालय में विभिन्न रचनात्मक स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन के मुख्य आकर्षणों में 11 दिवसीय कार्यशाला,सूर्य नमस्कार संकल्प अभियान ,दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी,विभिन्न योग प्रतियोगिताएं तथा मीडिया और चलचित्र के माध्यम से राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शामिल है।

### तनाव दूर कर इम्यूनिटी बढ़ाता योग

आयोजन सचिव डॉ जितेंन्द्र एवं डॉ स्वप्रिल सांबा जी मडगे ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान जीवनशैली में योग और प्राणायाम बेहद जरूरी है।य ह न केवल हमारे फेफड़ों की क्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते है बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर जीवन में सकारात्मकता और संतुलन भी लाते है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर के सभी शिक्षकों,अधिकारियों ,कर्मचारियों और छात्रों से इस योग महाकुंभ का हिस्सा बनकर स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### तालाब में ग्रामीण की लाश मिली



**बिलासपुर।** तालाब में ग्रामीण की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार, ग्राम चोरभट्टीकला श्रवण सूर्यवंशी पिता जगतराम 36 साल 16 जून को घर से निकले थे और रात में नहीं लौटे। परिजन ने गांव में तलाश की किन्तु वह नहीं मिले। 17 जून को उनकी गांव के तालाब में लाश मिली है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### महिला गिरफ्तार, चोरी के जेवरात नागपुर से जब्त

**बिलासपुर।** जीआरपी की टीम ने अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह को पहले गिरफ्तार किया। पूछताछ करने के बाद टीम ने नागपुर जाकर चोरी का जेवरात बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जीआरपी की टीम ने ट्रेनों में यात्रियों का सामान और मौका पाकर महिलाओं के पर्स पार करने वाली अंतरराज्यीय महिला गिरोह की चार महिलाएं नागपुर महाराष्ट्र निवासी पूनम विनेश मानकर पति विनेश मानकर 43 साल और तीन अन्य को गिरफ्तार कर नगद रकम जब्त किया था। पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने चोरी किए गए जेवरात को नागपुर के एक ज्वेलर्स के यहां बेचने की जानकारी दी। महिलाओं से पूछताछ करने के बाद जीआरपी बिलासपुर की टीम नागपुर पहुंची, जहां भूरिया उर्फ ओम ज्वेलर्स के मालिक हुडकेश्वर नागपुर महाराष्ट्र निवासी सुनील शेषरावजी काटोले उर्फ भूरिया पिता स्व. शेषरावजी काटोले 49 साल के पास पहुंचकर जांच की गई। ज्वेलर्स आरोपी सुनील शेषरावजी काटोले सोने के जेवरात को गलाकर उसका टुकड़ा बनाकर रखा था, जिसके पास से लाखों के जेवरात को जब्त करने के बाद धारा 317 (2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कार सवार युवक पर चाकू से हमला, लूट

**बिलासपुर।** कार सवार युवक से पता पूछने के बाद जमकर मारपीट कर चाकू से हमला कर दो मोबाइल लूटकर दो बाइक में सवार लड़के भाग गए। पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजिकशोर नगर श्री विहार निवासी अजाम्बर मेहर पीएम सूर्य योजना में काम करते हैं। 15 जून को आने साथी नितेश यादव से मिलने कार क्रमांक सीजी 10 बीएक्स, 4587 स खमतराई जा रहे थे। नगोई चौक के पास कार रोककर लघुशंका कर रहे थे। रात 11.30 बजे दो बाइक में अज्ञात लड़के आए उनसे रतनपुर जाने का रास्ता पूछने लगे। इसी दौरान युवक उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बेल्ट, डंडा से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दो मोबाइल लूट लिया और भाग गए। मारपीट में घायल होने से वे इलाज कराने हास्पिटल चले गए थे। 16 जून को उन्होंने घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात लड़कों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दो युवकों ने चाकू लेकर हास्पिटल में मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** पेमेंट को लेकर दो युवकों ने चाकू लहराकर निजी हास्पिटल में जमकर हंगाया और पत्थरबाजी कर कांच तोड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा स्थित न्यू जनता हास्पिटल के गार्ड नारायण मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई। 16 जून की रात 12 बजे दो व्यक्ति इलाज कराने के लिए हास्पिटल आए। इलाज के बाद पेमेंट को लेकर दोनों व्यक्ति कर्मचारी वासु, प्रियंका से बहस कर रहे थे। गार्ड ने दोनों को बहस करने से मना किया तो गाली गलौज कर चाकू निकालकर लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद बाहर निकलकर पत्थरबाजी कर हास्पिटल का कांच तोड़कर भाग गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। फुटेज से दोनों व्यक्ति की पहचान आदित्य बनसोड, युवराज के रूप में हुई है। पुलिस ने गार्ड की रिपोर्ट पर दोनों व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4, 351, 3 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**चौकी व पुलिस सहायता केंद्र खोलकर चलाया जा रहा काम** | **मंगला थाना के लिए जमीन का चयन अब तक नहीं हो पाया**

# घोषणा के तीन साल बाद भी नहीं खुले मंगला, मोपका और बेलगहना में पुलिस थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घोषणा के तीन साल बाद भी मंगला, मोपका और बेलगहना में पुलिस थाने नहीं खुल पाए हैं। हालत यह है कि मोपका में पुलिस सहायता केंद्र व बेलगहना में चौकी से काम चलाया जा रहा है। वहीं अब तक मंगला थाना के लिए जमीन की चयन नहीं हो पाया है, जबकि इस इलाके में सर्वाधिक अपराध दर्ज हो रहे हैं।

मार्च 2023 में माजूदा कांग्रेस सरकार ने बजट सत्र में बढ़ते अपराध का ग्राफ कम करने सिविल लाइन क्षेत्र के मंगला, सरकण्डा के मोपका और कोटा क्षेत्र के बेलगहना में नए पुलिस थाने खोलने की घोषणा की गई थी। प्रदेश में कांग्रेस के बाद भाजपा की सरकार बन गई, लेकिन पुलिस थाने खोलने का मामला अधर में लटका रहा। पूर्व में मोपका पुलिस सहायता केंद्र व बेलगहना चौकी में नया थाना खोलने की तैयारी कर ली गई थी। वहीं मंगला में थाना खोलने शासकीय भवन का निरीक्षण किया जा रहा था। उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब 3 साल बीत जाने के बाद भी एक भी नया थाना नहीं खुल पाया है। मंगला में नया थाना खोलने के लिए अब तक जमीन का भी चयन नहीं हो पाया है।






### बेलगहना चौकी में आते हैं 64 गांव

बेलगहना चौकी क्षेत्र में 64 गांव आते हैं। इसमें खोंगसरा, टेंगनमाड़ा सहित 5 से 6 विवादित गांव हैं। इसके अलावा दूरदराज जंगल इलाके में गांव की बसावट है। चौकी में गिनती के पुलिसकर्मी होने व पर्याप्त वाहन की उपलब्धता नहीं होने पर दूरदराज के गांवों तक पुलिस की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती है।

### मोपका सहायता केंद्र में 5 गांव शामिल

मोपका पुलिस सहायता केंद्र में 5 गांव परसाही, बिजौर, लगरा, उरतुम, चिल्हाटी शामिल हैं। पिछले कुछ सालों में बिजौर, चिल्हाटी, लगरा में सैकड़ों कालोनियां बन गई हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में राजकिशोर नगर, बहतराई अटल आवास, छठघाट, लोयला स्कूल रोड हैं। क्षेत्र के विकास के साथ ही अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। उसके अपेक्षा पुलिस सहायता केंद्र में सुरक्षा के लिए गिनती के पुलिसकर्मी तैनात हैं।

### सिविल लाइन का क्षेत्रफल बढ़ा

सिविल लाइन क्षेत्र का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है। वर्तमान में वीआईपी निवास के अलावा सभी शासकीय कार्यालय आते हैं। इसके अलावा तिफरा ब्रिज, उसलापुर ब्रिज, मंगला, धूरीपारा लोखंडी बार्डर का एरिया के अलावा विवादित तालापारा, जरहाभाठा मिनीबस्ती, कुदूदण्ड शामिल हैं। इतने बड़े क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र तक नहीं है, जिससे कई इलाकों में पुलिस पहुंच नहीं पाती है।

### सरकण्डा, सिविल लाइन में अधिक

जिले में सर्वाधिक अपराध सरकण्डा व सिविल लाइन क्षेत्र में हो रहे हैं। बीते 6 माह में सरकण्डा थाने में 926 व सिविल लाइन में 833 अपराध दर्ज हो चुके हैं। दोनों थाने में प्रति वर्ष सर्वाधिक अपराध दर्ज हो रहे हैं। उसके बाद भी नया थाना नहीं खोला जा रहा है। दोनो थाने में रिपोर्ट लिखाने वालों की 24 घण्टे भीड़ लगी रहती है। कानून व्यवस्था बनाने थानेदारों का पसीना छूट जा रहा है।

### नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है

पूर्व में मंगला, मोपका, बेलगहना में नया थाना खोलने के लिए पुलिस मुख्यालय प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नया थाना चालू कर दिया जाएगा।

-मधुलिका सिंह एडीशनल एसपी

---

**फदहाखार को सेंट्रल ने किया है रिजर्व फारेस्ट घोषित**

# 523 को नोटिस, हटाए जाएंगे फदहाखार के कब्जाधारी

*फदहाखार फारेस्ट रिजर्व का बेजा कब्जा हटाकर कब्जाधारियों को विस्थापित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है, लेकिन वन विभाग के अफसर इन्हें नोटिस जरूर दे रहे हैं। वन विभाग ने एकबार फिर यहां रह रहे 523 लोगों को नोटिस दे दिया है, जिससे हड़कंप मचा हुआ है। इसी तरह यहां बेजा कब्जा रोकने के लिए नगर वन बसाने की योजना बनाई गई है, परन्तु ढाई करोड़ रुपए खर्च कर बनने वाले नगर वन का काम 60 लाख रुपए की स्वीकृति नहीं मिलने से पूरी तरह रुक गया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फदहाखार को सेन्ट्रल ने रिजर्व फारेस्ट घोषित कर दिया है। यह क्षेत्र 700 एकड़ में फैला हुआ है। कहने को यह फारेस्ट एरिया है, लेकिन यहां जंगल और झाड़ियों की संख्या कम और लोगों के बड़े मकान और दुकान ज्यादा नजर आते हैं। फदहाखार के 400 एकड़ की जमीन पर अवैध कब्जा कर लोगों ने राशन दुकान तक खोल लिया है। कब्जा करने वाले लोगों को बिजली विभाग और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। यहां बड़े मकान बन चुके हैं।

अवैध प्लाटिंग से बन गई कालोनी और बड़े मकान फदहाखार में एक दिन में नहीं हुआ है। धीरे-धीरे होते हुए अवैध कब्जों पर जंगल के अफसरों ने ध्यान ही नहीं दिया, बल्कि इसे और प्रश्रय देते रहे। भू माफियों ने यहां की जमीन पर अवैध प्लाटिंग की, इसलिए यहां हरियाली के जगह मकान और दुकान नजर आते हैं। रिजर्व फारेस्ट का क्षेत्र होने के बाद भी फदहाखार अवैध कब्जाधारियों के भेंट चढ़ते जा रहा है। वन विभाग के अफसर यहां से बेजा कब्जा हटाने की कोई ठोस योजना नहीं बना पाए हैं। कब्जाधारियों को विस्थापित करने का भी कोई प्रयास नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारी कब्जाधारियों को नोटिस जरूर दे रहे हैं।




**मंडल का नहीं मिला आदेश**

फदहाखार में बेजा कब्जाधारी सालों से निवासरत हैं, जिन्हें जगह खाली कराने के लिए नोटिस भेजा जा चुका है। इसमें अब तक मंडल का आदेश नहीं मिला है। वहीं नगर वन बनाने का काम अभी रूका हुआ है, जब बचे हुए कार्य की राशि स्वीकृत होगी तो काम आगे बढ़ाया जाएगा।

- यशपाल वर्मा, रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

### अतिक्रमण पर अंकुश

नगर वन के लिए फदहाखार को चयनित करने के पीछे वन विभाग का उद्देश्य इस रिजर्व फारेस्ट को अतिक्रमणकारियों से बचाना, आक्सीजोन, हरियाली के बीच पिकनिक स्पॉट, पर्यावरण को बढ़ावा देना था। 280 हेक्टेयर के इस क्षेत्र में लगातार अतिक्रमण की कोशिश होती है। इस क्षेत्र में 25 से 30 हेक्टेयर पर पहले से अवैध कब्जे हैं। इसे हटा पाना वन विभाग के बस से बाहर हो गया है। नगर वन बनने के बाद बचे हुए क्षेत्र सुरक्षित हो जाएंगे।

### 60 लाख नहीं मिले, अधर में लटका काम

वन विभाग फदहाखार जंगल के 100 हेक्टेयर में नगर वन तैयार करने का काम शुरु किया था। इसमें 60 हेक्टेयर में केवल पार्क विकसित कर शेष क्षेत्र में औषधि रोपणी व अन्य अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाने का काम किया जाना है।

यह प्रोजेक्ट पर्यावरण वन मंत्रालय का है, जिसमें स्वच्छ भारत अभियान के तहत इसे तैयार करने की योजना बनाई गई थी। केन्द्र ने राज्य से सभी वन मंडल को जगह चिन्हिंत करने के लिए आदेश दिया था, जिसके तहत बिलासपुर वन वृत्त में नगर वन के लिए केवल बिलासपुर और कोरबा वन मंडल का चयन किया गया।

यहां 60 हेक्टेयर के क्षेत्र में केवल पार्क बनाने का काम किया गया है, जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, फिसलपट्टी और गार्डन में फूलदार और शोभादार पौधों की हरियाली भी लगाई गई। करीब ढ़ाई करोड़ रुपए की लागत से फदहाखार में नगर वन का काम 60 से 70 फीसदी तक पूरा कर लिया गया, लेकिन बचे हुए कार्य के लिए 60 लाख की राशि नहीं मिलने के कारण यह कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गया है।

---

# दूसरे दिन भी नहीं मिला घायल तेंदुआ, पहले का किया गया अंतिम संस्कार




**बिलासपुर।** रात में दो तेंदुए के आपसी संघर्ष में एक तेंदुए की मौत हो गई और दूसरा घायल होने के बाद इधर-उधर भटक रहा है। इसकी तलाश दूसरे दिन भी की गई, जिसके लिए विशेष रूप से डॉग का भी सहयोग लिया गया। इसके बावजूद घायल तेंदुए का कहीं पता नहीं चल सका। वहीं मृत तेंदुए का तीन डॉक्टरों से पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

मंगलवार की शाम 7.30 से रात 8 बजे के बाद मुंगेली वन मंडल के लोरमी वन परिक्षेत्र में चंदूपारा परिसर के कक्ष क्रमांक 1529 में दो तेंदुए की आपसी भिडंत हुई। इसमें एक तेंदुए की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही मुंगली वन मंडल के डीएफओ अभिनव कुमार के निर्देश पर स्टाफ घटना स्थल पर पहुंचा, जहां मरे हुए तेंदुए के शव के आसपास 100 मीटर की दूरी में रहकर सुरक्षा करने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। मौके पर प्रारंभिक जांच करने पर दो तेंदुए के आपसी संघर्ष के कारण एक की मौत होने की जानकारी मिली। वहीं रात होने के कारण मरे हुए तेंदुए का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। इस दौरान घायल हुए तेंदुए के कहराने की भी आवाज आने लगी, जिसे कर्मचारियों ने डॉग के सहयोग से खोजबीन शुरु कर दिया गया। इसके साथ ही तेंदुए के शिकार की आशंका पर करंट व अन्य सामानों की भी खोजबीन की गई। दूसरे दिन बुधवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही अचानकमार टाइगर रिजर्व लोरमी से मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक और क्षेत्रीय निदेशक प्रियंका पाण्डेय, कानन पेण्डारी जू के चिकित्सा अधिकारी पीके चंदन व अन्य दो चिकित्सक प्रमोद नामदेव ने मौके पर पहुंचकर मरे हुए तेंदुए का पोस्टमार्टम करने के अलावा ग्रामीणों से पूछताछ भी की।

---

**नक्शा काटने में आ रही कई तकनीकी दिक्कतें**

# जमीन की रोज हो रही खरीदी-बिक्री नक्शा नहीं काट रहे पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन की खरीदी और बिक्री बड़ी संख्या में लगभग हर रोज की जा रही है, लेकिन नक्शा काटकर अपलोड करने का काम पटवारी नहीं कर पा रहे हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार नए नक्शे काटने में कई तकनीकी दिक्कतें हैं। इसके मुताबिक किसी भी नई जमीन के नक्शे तभी काटे व अपलोड किए जा सकते हैं, जब उसके आसपास की जमीन के नक्शे तैयार व अपलोड किए गए हों।

■ भुईयां पोर्टल में नजर नहीं आते नई जमीन के नक्शे

राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक किसी भी जमीन की रजिस्ट्री के बाद जितना जरूरी काम नामांतरण करवाना है, उतना ही जरूरी अपनी जमीन का नक्शा काटकर अपलोड करवाना भी है। विभाग के अनुसार जमीन की खरीदी व नामांतरण के बाद भुईयां पोर्टल में अगर उस खसरे का नक्शा अपलोड नहीं किया गया है तो इसे गंभीरता से लेते हुए पटवारी से इस दिशा में कार्य करवाया जाना चाहिए। जमीन के स्वामित्व को




लेकर आए दिन होने वाले विवादों को ध्यान में रखकर अधिकारियों ने पोर्टल में अपलोड नक्शे को भी अपनी चौहद्दी के मजबूत होने का प्रमाण बताया है। नए नक्शे काटकर पोर्टल में अपलोड करने में आ रही तकनीकी समस्याओं के संबंध में राजस्व विभाग का कहना है कि जिस जमीन का नक्शा कटवाकर अपलोड करवाया जाना है, उसके आसपास की जमीनों का नक्शा अगर पहले से कटा है व पोर्टल में अपलोड किया गया है, तभी इस जमीन का भी नक्शा काटा व अपलोड किया जा सकेगा। इसके विपरीत अगर आसपास की जमीन के नक्शे अगर नहीं काटे जा सके हैं तो नई जमीन का नक्शा भी रकबे के मुताबिक काटकर अपलोड नहीं किया जा सकेगा।

### अपलोड करना चाहिए

जमीन की खरीदी करने के बाद अपने खसरे की चौहद्दी के अनुसार नक्शा कटवाकर पोर्टल में अपलोड करवाया जाना चाहिए। इससे न केवल मालिकाना हक पुख्ता होता है, बल्कि अपनी जमीन की चौहद्दी भी मजबूत होती है। इस काम में एक तकनीकी अड़चन भी है। आसपास की जमीन के नक्शे अगर अपलोड नहीं हैं, तो वहां नई खरीदी गई एकमात्र जमीन का नक्शा भी काटकर अपलोड नहीं किया जा सकेगा।

-मनीष कुमार साहू
एसडीएम बिलासपुर

### डायल 112 के आरक्षक से मारपीट, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मारपीट की सूचना पर गई डायल 112 के आरक्षक के साथ युवक ने हुज्जतबाजी करते हुए लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। उसे सिम्स में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हमलावर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, 16 जून को डायल 112 में सूचना मिली कुदूदण्ड निवासी सागर सूर्यवंशी अपने पिता के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर रहा है। सिविल लाइन थाना के डायल 112 का आरक्षक मोरज सिंह मौके पर जाकर विवाद कर रहे सागर सूर्यवंशी को समझाइस दे रहा था। इसी दौरान आक्रोशित सागर सूर्यवंशी ने आरक्षक के साथ हुज्जतबाजी करते हुए लाठी से मारपीट करना शुरू कर दिया। सूचना पर टीआई श्री केंवट स्टाप के साथ मौके पर गए और मारपीट करने वाले सागर सूर्यवंशी को पकड़कर खातिरदारी करते हुए थाने लेकर आए। पुलिस ने आरक्षक मोरज सिंह की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## 90 लाख की संपत्ति हड़पने का मामला अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी के निर्देश के बाद बुजुर्ग महिला से अंगूठा लगवाकर 90 लाख की संपत्ति हड़पने के मामले में फैना थमाने के बाद एफआईआर दर्ज कर लिया गया है, किन्तु 5 बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ पाई है। वहीं मामले में जमानती धारा लगाकर खानापूर्ति की गई है, गंभीर धाराएं नहीं लगाई गई हैं।

■ नहीं लगाई गई कूटरचना की गंभीर धाराएं

ज्ञात हो कि बेलगहना चौकी क्षेत्र के कृष्णानगर निवासी बालकुंवर बसोर पति स्व. गंगाराम बसोर 86 साल से रिश्तेदार फगुन प्रजापति ने कागजों में अंगूठा लगवाकर उनके बैंक खाते से 23 लाख रुपए, जमीन, वाहन सहित 90 लाख रुपए की संपत्ती हड़प ली है। पीड़ित बुजूर्ग महिला रिपोर्ट लिखाने के लिए बेलगहना चौकी चक्कर लगा रही थी। उनसे शिकायत लेकर जांच करने के बाद कोर्ट जाने की सलाह देते हुए फैना थमा दिया गया था। पीड़िता ने आईजी रामगोपाल गर्ग से लिखित शिकायत की। उसके बाद 13 जून को बेलगहना चौकी आरोपी फगुन प्रजापति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। अब पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। बताया जाता है आरोपी आराम से गांव में घूम रहा है।

### दस्तावेज तैयार किया जा रहा

मामले में साक्ष्य के लिए राजस्व व आरटीओ विभाग से दस्तावेज लिया जा रहा है। साक्ष्य एकत्रित करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

-व्यास नारायण बनाफर
बेलगहना चौकी प्रभारी

### एसडीओपी व पूर्व चौकी प्रभारी को नोटिस

आईजी रामगोपाल गर्ग ने बुजूर्ग महिला की रिपोर्ट नहीं लिखने व फैना थमाने पर एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह को जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। श्रीमती सिंह ने मामले को लेकर एसडीओपी नुपूर उपाध्याय व पूर्व चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर को नोटिस जारी स्पष्टीकरण मांगा है। दोनों ने अपना स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

---

**हाईकोर्ट की सख्ती के बाद बिजली, पानी के साथ बनाए जाएंगे शेड**

# मुक्तिधामों के सौंदर्यीकरण के लिए 6 करोड़ जारी

**बिलासपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा प्रदेश भर के मुक्तिधामों के सौंदर्यीकरण के लिए 6 करोड़ 5 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसमें बिलासपुर, मुंगेली के 4 मुक्तिधाम भी शामिल हैं। इसमें तखतपुर मुक्तिधाम के लिए 4 लाख 90 हजार, बिल्हा मुक्तिधाम के लिए 7 लाख 66 हजार, सरगांव मुक्तिधाम के लिए 39 लाख 74 हजार और जरहागांव मुक्तिधाम के लिए 12 लाख 23 हजार की राशि जारी की गई है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने प्रदेश भर के बदहाल मुक्तिधामों पर सभी जिलों के कलेक्टर से फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट देने को कहा है। वहीं, चीफ सेक्रेटरी को अपने आदेश का कंप्लायंस रिपोर्ट की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने कहा है कि गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार संविधान के तहत जीने के अधिकार का हिस्सा है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि हर मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।




### रखरखाव के लिए विस्तृत दिशा- निर्देश जारी

हाईकोर्ट की सख्ती के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग ने मुक्तिधामों के रखरखाव के लिए विस्तृत दिशा- निर्देश जारी कर दिए हैं। इनमें साफ-सफाई, ग्रीन फेंसिंग या कंटीले तार से बाउंड्री, शेड की मरम्मत, बिजली, पानी और पुरुष-महिला के लिए अलग शौचालय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने कहा है कि सफाई अभियान चलाकर कचरा, घास, गंदा पानी हटाएं। टूटे प्लेटफॉर्म, रास्ते, शेड और दीवारों की मरम्मत कराएं जाएं। पानी-बिजली की व्यवस्था कर नल और लाइटें लगाएं। परिजनों के लिए शेल्टर और बैठने की व्यवस्था करें। अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी या एलपीजी उपलब्ध कराएं, इलेक्ट्रिक शवदाह गृह चालू रखें, राख विसर्जन क्षेत्र बनाएं। कलेक्टर की अगुवाई में कमेटी बनाएं, जिसमें नगरपालिका, स्वास्थ्य अधिकारी और एनजीओ शामिल हों।

### डेढ़ करोड़ में संवरा भारतीय नगर मुक्तिधाम

इधर भारतीय नगर मुक्तिधाम को डेढ़ करोड़ में संवारा गया है। अग्रवाल सेवा समिति द्वारा मुक्तिधाम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, ताकि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिवारों को बेहतर और सम्मानजनक वातावरण मिल सके। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय नगर मुक्तिधाम के नवीनीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर अब तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वहीं, इसके नियमित रखरखाव और संचालन पर हर महीने लगभग डेढ़ लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अग्रवाल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि अप्रैल 2025 से मुक्तिधाम के संचालन और सुधार का कार्य समिति द्वारा किया जा रहा है। परिसर में 35 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, पंखे, लाइट, स्पीकर, पेयजल हेतु वाटर कूलर, गार्डन में कुर्सियां और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही समिति द्वारा अंतिम संस्कार के लिए फायर ब्रिक्स से पक्के चबूतरे बनाए गए हैं। साथ ही दशगात्र, नहावन, अस्थि कलश रखने के लिए लॉकर, स्नान और पेयजल की व्यवस्था, बोरिंग, सफाई कर्मी, माली, गार्ड और दाह संस्कार व दफन कार्य के लिए कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152